**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 12.06.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- एयर इंडिया का लंदन जाने वाला यात्री विमान आज गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान के समापन अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कृषि पुनर्जागरण के लिए सरकार के महत्वाकांक्षी रोडमैप को रेखांकित किया।
- 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामान्य योग प्रोटोकॉल पर आधारित योग कार्यक्रम एक साथ आयोजित किए जाएंगे ।
- नगरपालिका परिषद द्वारा नए स्ट्रीट वेंडर्स के पहचान पत्र का सर्वेक्षण कार्य 16 जून को किया जाएगा।

<><><><><><><>

एयर इंडिया का लंदन जाने वाला यात्री विमान आज गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघानी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान संख्या एआई–171 का यह विमान अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भर रहा था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अनुसार विमान में दो सौ बयालीस लोग सवार थे, जिनमें 2 पायलट और 10 केबिन क्रू शामिल थे। इनमें से एक सौ उन्नहत्तर भारतीय नागरिक, तरेपन ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक हैं। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए एयर इंडिया ने एक यात्री हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 स्थापित किया गया है। अलर्ट मिलने के तुरंत बाद अग्निशमन और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। घायलों को इलाज के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है। एयर इंडिया ने कहा है कि विवरण का पता लगाया जा है।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दुर्घटना के बारे में मंत्रियों से बातचीत कर प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता तुरंत देने का आश्वासन दिया ।

<><><><><><><>

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान जमीनी स्तर पर किसानों की समस्याओं और चुनौतियों को समझने में मदद करेगा। इस अभियान के समापन के अवसर पर गुजरात के बारडोली में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने भारत के कृषि पुनर्जागरण के लिए केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी रोडमैप को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिकल्पना के बारे में बताते हुए श्री चौहान ने व्यापक विकसित भारत पहल के अंतर्गत विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जमीनी स्तर की खेती के तरीकों के साथ वैज्ञानिक अनुसंधान के एकीकरण पर जोर दिया। श्री चौहान ने कृषि को बदलने के लिए केंद्र सरकार की छह–स्तंभ रणनीति पर चर्चा करते हुए उन्होंने भारत को न केवल आत्मनिर्भर बल्कि वैश्विक फूड बास्केट बनने के केंद्र के संकल्प को दोहराया। उन्होंने विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

<><><><><><>

रासायनिक और जैविक कृषि आदानों के विवेकपूर्ण उपयोग विषय पर कल छोलदारी के सामुदायिक भवन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जैविक खेती के महत्व और रासायनिक आदानों के संतुलित उपयोगों के बारे में जागरूक करने का एक प्रयास था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि सचिव पल्लवी सरकार उपस्थित थी। उन्होंने अपने संबोधन में प्राकृतिक खेती के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें प्राकृतिक खेती को अपनाकर अपने खेतों और अपने स्वास्थ्य को बचाना होगा।

कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक रमेश कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. रामाकृष्णा, जिला परिषद सदस्य प्रमिला कुमारी और समिति सदस्य चैताली रॉय भी मौजूद थी। संयुक्त निदेशक ने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए किसानों को आवश्यकता अनुसार रासायनिकों का उपयोग के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ एक दिन का नहीं, बल्कि आपस में विचार कर रासायनिकों का सही इस्तेमाल करने का है।

<><><><><><>

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुबह साढ़े छह बजे से सात बजकर चालीस मिनट तक सामान्य योग प्रोटोकॉल पर आधारित एक लाख से अधिक योग कार्यक्रम एक साथ आयोजित

किए जाएंगे। इस वर्ष की थीम है ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य''। आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि मुख्य कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि योग संगम की मेजबानी के लिए देशभर से 65 हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है। श्री जाधव ने कहा कि विशाखापत्तनम में मुख्य योग दिवस कार्यक्रम में करीब 40 देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। दिल्ली में, लाल किला, कर्तव्य पथ और लोधी गार्डन जैसे प्रतिष्ठित स्थानों सहित एक सौ ग्यारह स्थानों पर योग दिवस मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर 2014 को पारित अपने प्रस्ताव में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। 2015 से, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विश्व में स्वास्थ्य के लिए एक जन आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है। योग एक प्राचीन शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से अंडमान निकोबार स्ट्रीट वेंडर्स –जीविका संरक्षण एवं विक्रय विनियमन योजना 2016 का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके अलावा नगर नियोजन समिति द्वारा 676 स्ट्रीट वेंडर्स की पहचान की गई है और उन्हें विक्रय पहचान पत्र और पहचान पत्र जारी किया गया है। इसके साथ ही नए वेंडर्स का सर्वेक्षण 16 जून को डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शुरू किया जाएगा। परिषद ने स्ट्रीट वेंडर्स से सर्वेक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा सत्यापन के लिए अपने दस्तावेज तैयार रखने का अनुरोध किया है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला मजिस्ट्रेट ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि आनन्द पैराडाइज से चाणक्य ट्यूशन सेंटर, स्कूल लाईन जंक्शन तक पाईप लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 14 और 18 जून को रात्रि 9 बजे से सुबह छः बजे तक किया जाएगा। इस दौरान सभी वाहनों को आई एन एस उत्क्रोश गेट से मिनी बे की ओर भेजा जाएगा।

<><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2025 शैक्षणिक सत्र के लिए ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन मोड में शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा की है। इग्नू विभिन्न विषयों में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान करता है। अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों के लिए पाठ्यक्रमों के लिए 50 प्रतिशत शुल्क छूट दी जाती है। प्रवेश के लिए 15 जुलाई तक इग्नू के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए, इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा पहुंच को मजबूत करने के उद्देश्य से जी बी पंत अस्पताल ने समय पर एम्बूलेंस सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएं हैं। एम्बूलेंस सेवा का लाभ उठाने के लिए जनता 102, 231463 और 112 पर डायल कर सकती हैं। ये संपर्क नम्बर पूरी तरह से सक्रिय है, ताकि आपातकालीन चिकित्सा स्थितियों के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया और मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में सुविधा हो।

<><><><><><><>